Need to promote and establish ?Jaivik Haat? in every district and town in the country ? Laid

श्री अरुण गोविल **(मेरठ) :** सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए जो योजनाएँ चला रही है, वे निश्चित रूप से सराहनीय हैं । लेकिन जमीन पर हालात कुछ और कहते हैं । आज भी लाखों किसान जो जैविक खेती कर रहे हैं, उन्हें अपने उत्पादों के लिए एक सुनिश्चित, स्थायी और लाभकारी बाज़ार नहीं मिल रहा । वे या तो बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं, या उनके उत्पाद लंबे समय तक बिना बिके रह जाते हैं । उपभोक्ता भी भ्रमित है । नागरिक शुद्ध और सुरक्षित भोजन चाहते हैं, उन्हें यह पता ही नहीं कि सही और प्रमाणित जैविक उत्पाद मिलेंगे कहाँ से? किसान और उपभोक्ता?को जोड़ने का एकमात्र समाधान है: हर जिले, नगर में ?जैविक हॉट मार्केट? की स्थापना । जो केवल प्रमाणित जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए हों । जहाँ किसान किसी बिचौलिए के, सीधे उपभोक्ता को अपना उत्पाद बेच सकें । जहाँ सरकार या उसकी अधिकृत संस्थाएं इन उत्पादों की गुणवत्ता की गारंटी दें । जहाँ उपभोक्ता को यह भरोसा हो कि जो वह खरीद रहा है, वह सच में जैविक है । मेरा सरकार से आग्रह है कि नीति निर्माण करते हुए, संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से इस "जैविक हॉट मार्केट" मॉडल को प्राथमिकता दी जाए ।